## खबर संक्षेप

### सिविल लाइन थाने के टीआई योगेन्द्र सिंह परिहार को पितृ शोक

**सतना**। सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परिहार के पिता वीरभान सिंह परिहार का गत दिवस हृदय गति रुकने से निधन हो गया,वे 77 वर्ष के थे। श्री परिहार का गत दिनों रीवा के सुपरस्पेशिलिटी हास्पिटल में हार्ट का आपरेशन हुआ था। बताया गया है कि अस्पताल से डिस्चार्ज किये जाने के बाद विगत दिवस उनको परिजन घर लाये थे।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कल अचानक उनकी तबियत बिगड़ गयी। डॉक्टरों के उपचार के बावजूद उनको बचाया नहीं जा सका। स्व.वीरभान सिंह भी पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत रहे हैं। बताया गया है कि टीआई श्री परिहार के पिता के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम फूलदेवास रीवा में किया गया। अंतिम विदाई के समय स्व.परिहार के परिजनों,ईष्ट मित्रों के अलावा सिविल लाइन थाने का स्टाफ विभाग अन्य कर्मचारी-अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### शहर में आज 3 घंटे बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति, सभी 33 केवी फीडर की मरम्मत की जाएगी

**सतना**। शनिवार की सुबह से 7 से 10 तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की तरफ से दी गई सूचना अनुसार शनिवार को पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा 132 केवी सब स्टेशन पतेरी के मेंटेनेंस कार्य किया जाना है। जिसके कारण शहर के सभी 33 केवी फीडर से जुड़े सब स्टेशनों से बिजली सप्लाई सुबह 7 से 10 बजे तक ठप रहेगी। पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मेंटेनेंस के कारण पतेरी,विराट नगर,उमरी,आकाश गंगा नगर,अर्जुन नगर,जवाहर नगर,मंदाकिनी विहार, बगहा, सिविल लाइन, राजेन्द्र नगर, धवारी, प्रेम नगर,निशांत विहार, कोलगवां,पौराणिक टोला,कोर्ट परिसर,प्रभात विहार,भरहुत नगर,फ्रैंड्स कालोनी, बांधवगढ़ कॉलोनी, बिरला कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र,बस स्टेंड,रीवा रोड,मुख्तियार गंज,महाराणा प्रताप नगर,बरदाडीह,बम्हनगवां,शिव कॉलोनी,सिद्धार्थ नगर,सिंधी कैम्प चाणक्यपुरी कालोनी,आदर्श नगर,घूरडांग संतोषी विहार कॉलोनी आदि क्षेत्रों विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली कम्पनी ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की है।

### ईद-उल-जुहा पर्व पर कानून व्यवस्था बनाये रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी

**सतना**। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री स्वप्निल वानखड़े ने सोमवार 17 जून 2024 को ईद-उल-जुहा त्यौहार के अवसर पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने सभी संबंधित अनुविभाग के लिये उस क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किया है। उपखंड मजिस्ट्रेट अपने अनुभाग क्षेत्र में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त कर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुये संपूर्ण कानून व्यवस्था सुचारु रुप से संपादित करेंगे। सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े होंगे।

### अग्निवीर स्कीम के तहत सेना में रिलेशन भर्ती 1 से 4 जुलाई तक

**सतना**। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना ने बताया कि भारतीय सेना में अग्निवीर स्कीम के तहत रिलेशन भर्ती 1 जुलाई से 4 जुलाई तक सिगनल ट्रेनिंग सेंटर जबलपुर में आयोजित की जा रही है। उन्होने बताया कि भर्ती कार्यक्रम में सेवारत सैनिकों,भूतपूर्व सैनिकों,युद्ध में शहीद विधवाओं अथवा विधवाओं के बच्चें एवं सगे भाईयों की भर्ती की जायेगी। आवेदकों की भर्ती सामान्य ड्यूटी एवं ट्रेडमैन कैटेगरी के लिये आयोजित की जा रही है।

### जनता की समस्या का निराकरण ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत स्तर पर करें निराकरण

# सम्बल, खाद्य पर्ची, बीपीएल और वृद्धा पेंशन के पत्रों का नाम जोड़ें सचिव : चतुर्वेदी

**मैहर**। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने जनपद पंचायत सभा गृह में ग्रामपंचायत सचिव रोजगार सहायक की सयुक्त बैठक ली।इस बैठक में जनपद पंचायत सीईओ प्रतिपाल सिंह बागरी उपयंत्री और सभी सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित रहे।बैठक में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने दो टूक कहा की नौकरी करना है तो जनता का काम भी करना पड़ेगा इसके अतिरिक्त उन्होंने जनता की मूल सुविधा को लेकर पंचायत में ही निराकरण करे बीपीएल के अपात्र लोगो के नाम काटे और पात्र व्यक्ति के नाम को जोड़कर शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। ग्रामपंचायत के निवासी लोगों की समस्या का समाधान पहले पंचायतस्तर पर निराकरण करे जनपद और जिला पंचायत में पेंडिग शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाये 60वर्ष से अधिक आयु के



व्यक्ति समग्र सामाजिक सुरक्षा में नाम जोड़ कर पेंशन योजना में नाम जोड़े। मैहर विधायक ने कहा की सोमवार और मंगलवार सप्ताह में दो दिन ग्रामपंचायत के दौरे में रहेंगे ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगो से मुलाकात और जन चर्चा करेंगे ऐसी स्थिति में शिकायतों का निराकरण न होने पर अब ट्रांसफर नहीं सस्पेंड की कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त ग्रामपंचायत के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का धयान दे नहीं उपयंत्री सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी भ्रष्टाचार में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। मैहर विधायक ने कहा कि प्रतिदिन ग्राम पंचायत कार्यालय समय से खुला ज्यादा ज्यादा हितगृाही मूलक योजनाओं का क्रियान्वयन सभी सहायक यंत्री,उपयंत्री पंचायत के कार्यों का सत्यापन करें आवश्यकता ना होने पर क्या कार्य परिवर्तन किया जा सकता है क्या कार्य किया जा सकता यह कार्य योजना 2 दिन के अंदर बताएं।

# बदमाशों का गैंग पुलिस के हत्थे चढ़ा, दर्जनभर चोरियों का खुलासा

**सतना**। पुलिस ने बदमाशों का गैंग पकड़ा है जिनसे जिले भर की दर्जन भर से ज्यादा चोरियों का खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक थाना कोटर में फरियादी समिति प्रबन्धक बलिकरण गौतम पिता श्रीधर गौतम निवासी खम्हरिया थाना कोटर द्वारा ग्राम खम्हरिया शासकिय उचित मूल्य की दुकान से 40 क्विंटल चावल एवं ग्राम गोरइया से 80 बोरी चावल एवं फरियादी मोहम्मद रसीद खाँन पिता मोहम्मद गुलजार उम्र-32 साल निवासी ग्राम गोरइया थाना कोटर उसकी दुकान से 80 बोरी चावल दरम्यानी रात अज्ञात चोरो द्वारा चुरा ले जाने की रिपोर्ट प्राप्त होने पर थाना कोटर में धारा 457,380 भा.द.वि का अपराध पृथक-पृथक कायम किया जाकर आरोपी मय मसरुका की पता तलाश प्रारम्भ की गयी। मामले की गंम्भीरता को समझते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित कर बदमाशों की पता तलाश प्रारम्भ की गई साइबर के सहयोग एवं मुखबिर सूचना पर संदेही संतोष पटेल,अमर पटेल निवासी ढेकहा रीवा तथा उसके साथीगण जो अनाज व अन्य चोरियों में लिप्त हैं जो संदेही अमर पटेल,अंकित साहू,आशीष सोंधिया उर्फ अरुण,अनुराग उर्फ सोमू शुक्ला,अनूप उर्फ फूल शुक्ला एवं रमेश द्विवेदी को दस्तयाब कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर पृथक पृथक पूछताछ की गयी जो पता चला की चोरी का सबसे बडा सरगना संतोष पटेल निवासी डेकहा का है जिसके पास 4पिकअप वाहन तथा उसके साथी अनूप शुक्ला व अनुराग शुक्ला के पास 01-01 पिकअप वाहन है सरगना संतोष पटेल वर्ष 2014 से लगातार सतना एवं रीवा जिले में चोरी का अंजाम देरहा है तथा अभी तक यह अपने भाई अमर पटेल,राजेश पटेल,तथा साथी अनुराग शुक्ला, अनूप शुक्ला,अंकित साहू,आशीष सोधिया उर्फ अरुण,रमेश द्विवेदी,अम्लेश उर्फ बब्बू पटेल के साथ मिलकर थाना कोटर के क्षेत्र में तथा सतना शरह में नागौद,सिंहपुर,सभापुर रामपुर आदि स्थानो में लगातार चोरी कर रहा है।अभिरक्षा में लिए गये सभी आरोपीगणो द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया जिनसे लगातार पूछताछ कर चोरी की सम्पत्ति बरामद की जा रही है। संतोष सरगना एवं उनके साथियो द्वारा सतना जिले में करीबन 03 दर्जन चोरी की घटनाए की गयी है अभी मुख्य सरगना आरोपी संतोष पटेल पुलिस गिरफ्त से बाहर है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम अमर पटेल उर्फ गुरु पिता रामराज पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी ढेकहा हरिजन बस्ती वार्ड क्र.05 थाना सिविल लाइन्स जिला रीवा,अंकित साहू पिता राजरुप साहूउम्र 19वर्ष निवासी धरी मोहरवा थाना चोरहटा जिला रीवा (म.प्र.),आशीष सोंधिया उर्फ अरुण पिता राजेन्द्र सोंधिया उम्र 19 वर्ष निवासी अमोखर थाना मउगंज जिला मउगंज (म.प्र.) हाल ढेकहा,अनुराग उर्फ सोमू शुक्ला पिता अशोक शुक्ला उम्र 24 वर्ष नि.बरवाह थाना चोरहटा जिला रीवा,अनूप उर्फ फूल शुक्ला पिता अशोक शुक्ला उम्र 32 वर्ष निवासी बरवाह थाना चोरहटा जिला रीवा,रमेश द्विवेदी पिता भगवानदीन द्विवेदी उम्र 50 वर्ष निवासी लालापुर थाना नयागांव चित्रकूट (म.प्र.) हाल बोदाबाग परौहा मोड़ रीवा है।

# प्राचार्य की हठधर्मिता से सैकड़ों नौनिहालों का भविष्य अंधकार में

**सतना। उचेहरा में एक ओर जहां सरकार की मंशा है कि कोई भी बच्चा अशिक्षित नहीं रहे वहीं सरकार के ही करिंदा सरकार की मंशा पर पानी फेरने पर आमादा हैं,जब से सीएम राइज स्कूल उचेहरा में प्राचार्य आए हैं जो पहले से ही अपनी कारगुजारियों के लिए चर्चित रहे हैं**

अब उन्होंने उचेहरा में एक नई समस्या को जन्म दे दिया,अभी बच्चों का परीक्षा परिणाम जारी हुआ है और बच्चे अगली कक्षा में प्रवेश के लिए बड़े ही उत्साह से सीएम राइज विद्यालय का रुख करते हैं,लेकिन जब स्कूल जा कर प्रवेश के लिए फार्म मांगते हैं तो उन्हें ये कह कर वापस कर दिया जाता है कि स्कूल में प्रवेश के लिए संख्या निर्धारित है जबकि वरिष्ठ अधिकारियों और कार्यालयों के प्रभारियों का कहना है कि ऐसा कोई नियम नही है जो बच्चे आएं उन्हें प्रवेश दिया जाय। परन्तु यहां के प्राचार्य कहते हैं की सीट पूरी हो चुकी है अब यहां प्रवेश नही दिया जाएगा। आप कहीं और जाएं,अब समस्या यह है कि उचेहरा में अन्य कोई हायर सेकेंडरी स्कूल नही है जिसमे छात्र छात्राएं प्रवेश ले सकें और ना,ही कोई अन्य माध्यमिक विद्यालय ही है एक मात्र विकल्प प्राइवेट स्कूल ही हैं। अधिकांशतः सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीबों के ही बच्चे होते हैं जो प्राइवेट स्कूल की फीस नही दे सकते अतः सब के लिए शिक्षा का अधिकार अधिनियम का मखौल उड़ाया जा रहा है साथ ही बड़ी संख्या में बच्चों के शाला त्यागी होने का खतरा बना हुआ है इसके लिए सिर्फ और सिर्फ सीएम राइज के प्राचार्य ही जिम्मेवार हैं अब देखना केवल ये है कि कितने बच्चे इस हठधर्मिता के शिकार होते हैं। सूत्रों की माने तो पीड़ित अभिभावक दबी जुबान भूख हड़ताल की भी योजना बना रहे हैं यदि बच्चों को प्रवेश नही दिया जाता तो सीएम राइज विद्यालय के सामने एक दो दिन के अन्दर पंडाल लगा कर इस भीषण गर्मी में लोग भूख हड़ताल पर बैठे मिलेंगे।




# मैहर के सिविल अस्पताल में की गई सफाई

**मैहर**। सिविल अस्पताल मैहर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी के उपस्थिति में नगर पालिका परिषद के सभी कर्मचारी एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की स्वैच्छिक शैक्षिक संगठनों के सहभागिता से अस्पताल परिसर में सफाई का काम किया गया जिसमें विधायक मैहर द्वारा अस्पताल परिसर में नगर पालिका द्वारा बनाए गए सामुदायिक शौचालय में जल व्यवस्था साथ ही अस्पताल के वार्डों में पानी की समस्या का निरीक्षण करते हुए जिम्मेवारी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अभियान को सफल बनाने हेतु स्वैच्छिक संगठनों नगर के समाजसेवियों,सामुदायिक समस्या के समाधान हेतु जन समुदाय को प्रेरित करने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,राहुल पटेल,रोहिणी तिवारी,संजय मिश्रा,संजय चौरसिया नपा कर्मचारी एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला मैहर के जिला समन्वयक डॉ राजेश तिवारी, निर्देशन ब्लॉक समन्वयक जगन सिंह,मार्गदर्शन में स्वेक्षिक संगठनों के प्रतिनिधि मनोज शुक्ला,पुनीत पुनीत मैंनी,अजय गुप्ता,राजेंद्र सिंह,अनिकेत पाल,दीप्ति सिंह,अंकित चतुर्वेदी,सुखदेव प्रजापति,विनोद तिवारी के साथ-साथ नगर के सभी समाजसेवी उपस्थित रहकर श्रमदान में भाग लिया।

# कार्यकर्ताओ के समर्पण से जीते चुनाव

**लोकसभा परिणामों की समीक्षा बैठक में सांसद गणेश सिंह ने संगठन को दिया जीत का श्रेय**

**सतना**। लोकसभा चुनाव में मेरी नही पार्टी के संगठन व समर्पित कार्यकर्ताओं की जीत हुई है। विपरीत परिस्थितियों के बाद भी कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर अथक मेहनत की जिसका परिणाम यह रहा कि मैं लगातार पांचवीबार और सतना में भाजपा लगातार सातवीं वार चुनाव जीतने में सफल हुई है।अब एक बार फिर से बूथ तक पार्टी को नये सिरे से सक्रिय करने और कार्यकार्ताओं में ऊर्जा का संचार करने की जरुरत है क्योंकि नाम धारियों से बेहतर काम पार्टी बूथस्तर तक के कार्यकर्ताओं ने किया है यह बात पार्टी कार्यालय में आयोजित लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कही। उन्होने कहा कि इस चुनाव में जो कार्यकर्ता पार्टी के साथ था उसकी चिंता और परवरिश अगले पांच साल तक की जायेगी। उन्होने यह भी कहा कि पार्टी के लिए जो काम कार्यकर्ताओं ने किया है उसकी जानकारी संगठन और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को है। इस दौरान लोकसभा प्रभारी शशाक श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक पंडित रामदास मिश्रा,जिला महामंत्री रमाकान्त गौतम,सरोज गुर्जर मंचासीन रहीं,जबकि कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ऋषभ सिंह ने किया। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि हमारा जितना बड़ा नेटवर्क है उसके चलते भाजपा को किसी भी बूथ में चुनाव नही हारना चाहिए।फिर भी सतना लोकसभा के 1950 में से 1139 बूथों में पार्टी को जीत मिली और 811 बूथों में पराजय का सामना करना पड़ा। यह चिन्ता का विषय है कि आखिर इन बूथों में पार्टी को क्यों हार मिली,कहां कमी रह गई और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

### ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**सतना**। सतना-कटनी रेलखण्ड पर लोहरौरा रेल फाटक के पास सुबह ट्रैक पर पुलिस ने एक व्यक्ति की लाश बरामद की है।अनुमान है कि ज्यादा भीड़ होने की वजह से शायद रात में कोई यात्री ट्रेन से गिर गया, जिसकी कटने के कारण मृत्यु हो गयी। सुबह जब गैंगमैन वहां से निकले तो ट्रैक पर लाश देखकर उन्होंने एसएस को सूचना दी। उनके मेमो पर रेलवे पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा तैयार कराया। मृतक की पहचान कराने के लिये घटना स्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की गयी,किन्तु कोई भी उसकी शिनाख्त नहीं कर सका। पंचनामा के बाद रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भिजवा दिया,जहां पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को शिनाख्त के लिये मर्चुरी में रखवा दिया गया है।

# शव दफनाने को लेकर बनी विवाद की स्थिति

**सतना**। जैतवारा थाना अंतर्गत किटहा ग्राम में शुक्रवार को शव दफनाने को लेकर हुये विवाद के दौरान दो पक्ष आमने-सामने आ खड़े हुये। दोनों ही अपनी जिद पर डटे रहे। हालांकि गांव के कुछ सुलझे हुये बुजुर्गों ने विवाद को निपटाने के लिये हस्तक्षेप करने का प्रयास किया,किन्तु उनको सफलता नहीं मिल सकी। मामला ज्यादा गर्माने पर सूचना मिलते ही जैतवारा थाना प्रभारी पवन शुक्ला एवं डीएसपी पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। हालात बिगड़ते देख पुलिस अधिकारियों द्वारा एसडीएम मझगवां जितेन्द्र वर्मा को घटना की सूचना दी गयी। जिस पर एसडीएम श्री वर्मा,राजस्व



अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम श्री वर्मा एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा विवाद को शांत कराने हेतु दोनों पक्षों को समझाइश दी गयी। साथ ही यह चेतावनी दी गयी कि अशांति के हालात पैदा होने पर उनके खिलाफ नियमानुसार प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जायेगी। एसडीएम एवं पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों को बातचीत के लिये बुलाया और चर्चा की। बाद में मामला शांत हो गया।

### जल संरक्षण को लेकर कुएं, तालाब में किया श्रमदान,नदी में किया सफाई

# जल स्त्रोतों कों सुरक्षित एवं स्वच्छ रखने के प्रयास, सहेजने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

**पर्यावरण दिवस से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण को लेकर जगह जगह श्रमदान सहित अन्य कार्यक्रम किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा भी ढीमरखेड़ा क्षेत्र के अलग अलग गांवों में जल संरक्षण को लेकर श्रमदान, साफ सफाई, नदी सफाई, जल संरक्षण को लेकर संगोष्ठी सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों के सहयोग से जल संरचनाओं को नया स्वरूप दिया जा रहा है।**

#### नवीन तालाब में मानव श्रृंखला बनाकर किया गया श्रमदान

धरवारा सेक्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत भूला के चपौहला गांव में चल रहे नवीन तालाब में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति सदस्यों के अलावा ग्रामीण जनों ने मानव श्रृंखला बनाकर श्रमदान किया।ब्लॉक समन्वयक बबीता शाह द्वारा जल संचय करने हेतु उपस्थित जनों को जागरूक करते हुए कहा कि सभी लोग अपने घरों का पानी बाहर न बहाकर घरों के आंगन एवं बाबड़ी में सोख्ता गड्ढा बनाकर जल सहेजने हेतु प्रेरित किया। समाज सेवी राजेन्द्र सिंह ने जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस मौके पर सरपंच शिवलता सिंह, राजेंद्र सिंह,सेक्टर प्रभारी कोदूलाल हल्दकार , परामर्शदाता शैलेश दुबे,सुमित सिंह ठाकुर के अलावा प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीण जनों और महिलाओं ने भी श्रमदान किया।

#### पानी बचाने का दिया संदेश

खमतरा सेक्टर अंतर्गत खमतरा क्षेत्र से गुजरी महानदी के देवरी घाट के दोंनो किनारों में ग्रामीणों के जन सहयोग से सफाई का कार्य किया गया। सेक्टर प्रभारी सत्येंद्र सिंह,परामर्शदाता सुरेश कुमार दुबे ने चौपाल के माध्यम से पानी बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर समाजसेवी अजय गुप्ता,शिखर चंद्र गुप्ता,सुरेंद्र सिंह ठाकुर, विनोद तिवारी, राजमणि बर्मन,रोहित कोरी,राजकुमार यादव, मुकेश सिंह राठौर,राजेश गौतम,सुशील चौधरी,राकेश केवट के अलावा स्थानीय ग्रामीणों और प्रस्फुटन समिति सदस्यों ने जल संरक्षण को लेकर कार्य किया।

#### प्राचीन कुँए में श्रमदान

नवांकुर संस्था पिपरिया सहलावन के अंतर्गत आने वाले प्रस्फुटन ग्राम डूंडी में जल संरक्षण को लेकर श्रमदान किया।प्रस्फुटन समिति सदस्यों और स्थानीय ग्रामीणों ने डूंडी मुख्य मार्ग स्थित हनुमान मंदिर परिसर और प्राचीनतम चौपरा कुँए की साफ सफाई किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने भी श्रृंखला बनाकर श्रमदान किया।उमरियापान सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू,ग्राम रोजगार सहायक प्रेम सिंह सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### पीएससी परीक्षा के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 21 जून को

**सतना**। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा के पदों पर भर्ती के लिये प्रारंभिक परीक्षा-2024 का आयोजन किया जा रहा है। पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा के लिये सतना जिला मुख्यालय में 9 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें 4400 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के सफल और सुचारु संचालन के लिये अध्यक्ष म.प्र. लोक सेवा आयोग की अध्यक्षता में 21 जून को शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने परीक्षा आयोजन से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्धारित तिथि और समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला 11 एवं 12 जून को हुई सम्पन्न

# पन्ना टाइगर रिजर्व: वन प्रबन्धन एवं वानिकी कार्यों से सम्बन्धित प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजित



पन्ना। कार्यशाला में सेवानिवृत्त भारतीय वन सेवा से अधिकारी आर.निवास मूर्ती पूर्व क्षेत्र पन्ना टाइगर रिजर्व के द्वारा पन्ना की सफलतम बाघ पुर्नस्थापना पर विख्यान देकर सभी को प्रबुद्ध किया। पन्ना टाइगर रिजर्व, पन्ना अंतर्गत वन प्रबंधन एवं वानिकी कार्यों से संबंधित दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला दिनांक 11.06.2024 एवं 12.06.2024 को किया गया। दिनांक 11.06.2024 को जंगल कॉटेज हिनौता परिसर में श्रीमती अंजना सुचिता तिर्की, क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व, मोहित सूद, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व की उपस्थिति में कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला में सेवानिवृत्त भा०व०से० अधिकारी आर० श्रीनिवास मूर्ती पूर्व क्षेत्र पन्ना टाइगर रिजर्व के द्वारा पन्ना की सफलतम बाघ पुर्नस्थापना पर व्याख्यान देकर सभी को प्रबुद्ध किया। मास्टर ट्रेनर्स के रूप में एम०पी० ताम्रकार, सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक, एस.सी. मिश्रा, सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक, एवं आई. के अफरीदी, सेवानिवृत्त परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा वन सुरक्षा, जल स्त्रोत प्रबंधन, बीट निरीक्षण, अग्नि सुरक्षा विषयों पर व्याख्यान दिया गया। राजबेन्द्र मिश्रा, अधीक्षक केन घड़ियाल अभ्यारण्य खजुराहो, श्रीमती हरमन त्रिपाठी, सहायक संचालक पन्ना एवं डी.के. अहिरवार सहायक संचालक मड़ला द्वारा वृक्षारोपण क्षेत्र तैयारी, ई-ग्रीन वॉच पोर्टल, पी०आई०पी० एवं ड्ैजतपचमे के संबंध में व्याख्यान प्रस्तुत किया। उक्त विषयों के संबंध में फील्ड एक्सरसाइज का आयोजन भी कराया गया। कार्यशाला में पन्ना टाइगर रिजर्व के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी एवं समस्त डिप्टी रेन्जर एवं परिक्षेत्र सहायक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### गायत्री जयंती गंगा दशहरा पूज्य गुरूदेव का महाप्रयाण दिवस

पन्ना। अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार पन्ना के सम्मानीय आत्मीय परिजनों शक्तिस्वरूपा मात्र शक्तियों गायंत्री जयंती गंगा दशहरा व पूज्य गुरूदेव के महा प्रयाण दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रातः काल 6 बजे से शायं काल 6 बजे तक 12 घंटे का अखण्ड गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान का कार्यक्रम रखा जा रहा है। जिसमें सभी साध कइस जप अनुष्ठान में सहभागी बनकर पूज्य गुरूदेव मां गायत्री व मां गंगा की कृपा को प्राप्त कर अपने जीवन अपने परिवार और पन्ना को पावन दिव्य बनाने हेतु इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मां गायत्री का जप अनुष्ठान वहीं 16 जून को प्रातः 8 बजे से गायंत्री महा यज्ञ 7:15 से दीप महायज्ञ का आयोजन भी होगा। गायत्री परिवार गायंत्री शक्तिपीठ पन्ना में 15 व 16 जून को गायंत्री जयंती गंगा दशहरा पूज्य गुरूदेव के महा प्रयाण दिवस पर ये कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें गायंत्री परिवार के सभी लोग धर्म लाभ लेकर अपने सहभागिता निभायेंगे।

### बकरीद पर्व को लेकर एसडीओपी की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न



पवई। थाना परिसर पवई में आगामी बकरीद पर्व को देखते हुए शुक्रवार को सौरव रत्नाकर एस डीओपी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पवई के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक के दौरान एसडीओपी सौरभ रत्नाकर ने लोगों से बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। थाना प्रभारी त्रिवेंद त्रिर्वेदी ने कहा कि थाना क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी। इस अवसर पर तहसीलदार ,पत्रकार सहित शान्ति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### प्रतिक्षा साहू का सरस्वती शिशु मँदिर पवई में किया गया सम्मान



पवई। सरस्वती शिशु मँदिर पन्ना की पूर्व छात्रा व सरस्वती शिशु मँदिर पवई के प्रधानाचार्य अनूप साहू जी की बेटी का च्ैब की परीक्षा मे लेखा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है चयन पश्चात सरस्वती शिशु मँदिर पवई मे जिला सचिव प्रमोद नगायच, प्राचार्य राजेंद्र तिवारी, आचार्य परिवार व गणमान्य नागरिकों ने मीठा व साल ,श्रीफल से किया बेटी का सम्मान करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## तीन दिवसीय 25 वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में पन्ना जिले के चार वुशू खिलाड़ी सतना के लिए रवाना



पन्ना। जिला वुशू संघ पन्ना के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 14 से 16 जून 2024 तक मारवाड़ी धर्मशाला सतना जिले में 25 वीं राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश वुशू संघ द्वारा पहली बार सतना जिले में आयोजित कि जा रही है। जिस में जिला वुशू संघ पन्ना के सचिव व टीम मैनेजर इरफान खान, टीम कोच हर्षिता विश्वकर्मा सहित चार खिलाड़ी दिव्यांश साहू 48 कि.ग्रा.वर्ग, अनिकेत श्रीवास्तव 52 कि.ग्रा. वर्ग, पीयूष विश्वकर्मा 56 कि.ग्रा. वर्ग अदिति गुप्ता 60 कि.ग्रा.वर्ग राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सतना रवाना हो गए है। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी आगामी जूनियर नेशनल वुशू प्रतियोगिता कोयंबटूर में 26 से 31 जुलाई 2024 को होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सभी खिलाड़ियों टीम मैनेजार इरफान खान, टीम कोच हर्षिता विश्वकर्मा को एन.के. त्रिपाठी अध्यक्ष मध्य प्रदेश वुशू संघ, सारिका गुप्ता सचिव मध्य प्रदेश वुशू संघ, नईम खान संचालक चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना, मनोज गुप्ता संरक्षक फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, पहलवान सिंह संरक्षक फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना, सैफ उल्ला उपाअध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना, नशरूम नाज़ कोषाअध्यक्ष जिला वुशू संघ पन्ना, लॉरेंस एट्स अध्यक्ष जिला जु-जित्सु संघ पन्ना, कृष्ण श्रीवास्तव सदस्य, बलराम सेन सदस्य, धमेन्द्र विश्वकर्मा सदस्य, राकेश साहू ने शुभकामनाएं व बधाई दी।

## घर में घुसकर चोरी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

गुनौर। पन्ना पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा के द्वारा पन्ना जिला के समस्त थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में हुई चोरियों का खुलासा करने के लिए निर्देशित किया गया है।



उक्त तारतम्य में दिनांक 11/06/24 को फरियादी राकेश पटेल पिता शंभू पटेल उम्र 47 साल निवासी ग्राम का गाभोरा थाना गुनौर के द्वारा थाना उपस्थित होकर ऐसी रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके घर के बाहर का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गया है। फरियादी की उक्त सूचना पर थाना गुनौर में अपराध पंजीबद्ध करके विवेचना की गई। विवेचना के दौरान गुनौर पुलिस के द्वारा अपने मुखबिर तंत्र के आधार पर आरोपी की पता लगाने का प्रयास किया गया जिसमे संदेह के आधार पर एक व्यक्ति से पूछताछ की गई। गुनौर पुलिस के द्वारा सख़्ती से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुए चोरी किया गया माल कीमती करीबन बीस हजार रुपये का पुलिस को बरामद करा दिया गया है। पुलिस के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करके माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया है जहां माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी को जिला जेल पन्ना में दाखिल कर दिया गया है।

**उल्लेखनीय भूमिका-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार थाना प्रभारी गुनौर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक मोहम्मद सफीक, सहायक उप निरीक्षक अशोक गौतम, आरक्षक शिवेंद्र मिश्रा, आरक्षक दीपक अहिरवार, वाहन चालक आरक्षक बृजेश सिंह घोसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जेल विभाग आयोजित करेगा शारीरिक दक्षता परीक्षा

पन्ना। उप जेल पवई के सहायक जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया है कि सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी के पदों के लिए सफल अभ्यर्थियों का द्वितीय चरण में शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट जेल विभाग लेगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू, पुलिस स्टेडियम, भोपाल में 2 से 7 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सफल अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट हेतु उपस्थित हो सकते हैं। शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट में योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों में से मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल अंतिम चयन सूची जारी करेगा, जिन्हें जेल विभाग द्वारा नियुक्ति प्रदान की जाएगी।



## ग्राम पंचायत गढीपडरिया में जल गंगा संर्वधन अभियान का विधायक राजेश वर्मा ने शुभारंभ



### जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्राम जनों के द्वारा भी श्रम दान कार्यक्रम में भाग लेकर सहभागिता निभाई गई



पन्ना। ग्राम पंचायत गडीपडरिया में स्टापडैम मरम्मत कार्य हरिजन बस्ती शमसान घाट के पास का कार्य मनरेगा योजना एवं 15 वें वित्त से स्वीकृत किया गया जिसकी स्वीकृत राशि 3.75 लाख रूपये है। जिसका कार्य प्रारंभ जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत माननीय विधायक राजेश वर्मा, विधानसभा क्षेत्र गुनौर के करकमलों से श्रमदान कार्यक्रम के रूप में प्रारंभ किया गया। इस कार्य में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ गॉव की ग्रामजन के द्वारा भी श्रमदान कार्यक्रम में भाग लिया गया एवं हर्षउल्लास के साथ स्टापडेम की साफ सफाई कार्य किया गया। माननीय विधायक जी द्वारा अपने उद्बोधन में ग्रामीणों से अपील की गई थी कि अपने गाँव की समस्त जलाशयों की साफ सफाई जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कराये जाने में सहयोग करे तथा शासन की मंशानुरूप अभियान को सफल बनाये जाने हेतु सहयोग प्रदान करें। ग्राम पंचायत गढीपडरिया में गाँव के नजदीक बना स्टापडैम 10-15 वर्ष से टूटा पडा हुआ था इसके निर्मित हो जाने के लिये गाँव के लिये पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो जावेगी।

## चलती कार बनी आग का गोला चार लोगों ने कूद कर बचाई अपनी जान

पन्ना। भीषण गर्मी के दौरान चलती कार में आग लगने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा आज फिर पन्ना जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम तमगढ़ निवासी नीरज प्रताप सिंह बुंदेला की चलती कार में आग लग गई कार में सवार नीरज प्रताप सिंह बुंदेला सहित उनके तीन साथियों ने किसी तरह कार से कूद कर अपनी जान बचाई, जिसके कुछ देर में देखते ही देखते यह कार आग का गोला बन गई। बताया गया है कि नीरज प्रताप सहित चार लोग कार में सवार होकर ग्राम तमगढ़ से ग्राम कूड़न की ओर जा रहे थे तभी अचानक कार के अंदर से धुआं उठने लगा जब तक कार में सवार लोग कुछ समझ पाते आग की लपटें उठने लगी,



सूझबूझ का परिचय देते हुए नीरज प्रताप ने गेट खोलकर बाहर छलांग लगा दी और अपने साथियों को भी बाहर निकाला इसके कुछ ही देर में कार आग का गोला बन गई और देखते ही कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। आसपास के काफी संख्या में लोग एकत्र हो चुके थे लेकिन आग की विकराल लपटें देखकर कोई भी पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था फिलहाल कार में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

## पन्ना के विकास में कलेक्टर सुरेश कुमार अब स्वयं परखकर तय करेंगे आयाम



पन्ना। पन्ना नगर हो या जिला यहां विकास की इबारत कलेक्टर की सोच व कार्य प्रणाली पूर्व में भी जानी गई है तत्कालीन कलेक्टरों ने जिनको जो भाया उस क्षेत्र में आगे बढ़े दिया अंजाम, आज भी उनके नाम से पन्ना में बनी पहचान, इसी तरह कलेक्टर सुरेश कुमार जिनकी सादगी स्वमेव साबित होती है साथ ही जमीनी हकीकत को जानकर धार्मिक एवं पवित्र नगरी मंदिरों की नगरी के विकास को लेकर तपतपाती धूप में गर्मियों के दिनों में स्वयं पैदल चलकर अनुभव लेकर आगे विकास के आयाम को तय करने की मंशा कार्य के अंजामों से ही जानी जायेगी। निश्चित तौर पर जिला प्रशासन के मुखिया की सोच से ही जिले में प्रशासन के द्वारा सरकार की योजनाओं के माध्यम से क्रियान्वयन को तय करते हुये जमीनी पटल परा विकास के रूप में आयाम तय होते है। पन्ना नगर हो या जिला पूर्व में भी यहां पदस्थ तत्कालीन कलेक्टरों की कार्य प्रणाली से विकास कार्यों में जो तय किये गये आयाम उनमें बेहतर कार्य प्रणाली व आम जनता आज भी उनके नामों की जनचर्चा के रूप में कई बार स्वयं बयां करती है। पन्ना जिले के विकास में जहां उन कलेक्टरों की कार्य प्रणाली भी याद की जाती है निश्चित तौर पर कलेक्टर सुरेश कुमार की कार्य प्रणाली भी कुछ कर गुजरने की अलग ही जानी जायेगी क्योंकि सादगी के साथ जिला प्रशासन के मुखिया जो धार्मिक एवं पवित्र नगरी मंदिरों की नगरी में स्वयं पैदल चलकर पहले हालात जाने वहीं आगे अपनी सोच के साथ विकास के आयाम कैसे तय करेंगे। यह यही जानें पर इसमें उनकी भूमिका कहीं नक हीं दूरगामी सोच के साथ नगर के विकास में तय होगी यह अनुमान उनकी कार्यप्रणाली को पन्ना जिले के तत्कालीन बेहतर कलेक्टरों की तरह इनका नाम भी जुड़ने को लेकर जाना जायेगा। निश्चित ही जब तक जमीनी रूप से स्वयं जो समझकर आगे अंजाम देते है वहीं अपनी पहचान साबित करते है। कर्म के रूप में परणित करने को लेकर परिस्थिति व जमीनी पड़ताल जानना जिला प्रशासन के मुखिया की सोच ही आगे के परिणाम को लेकर सपने साकार करेगी। इतना ही नहीं स्वयं हालात को परखने को लेकर रिकार्ड रूम को भी जाना जहां प्राचीन समय से प्रशासन का रिकार्ड जो विभिन्न तरह के जमीनी रिकार्ड को न्यायालयीन प्रक्रिया व आम आदमी की जरूरत होती है उसको स्वयं जाके जाना वहीं पन्ना नगर के हृदय स्थली मंदिर श्री जुगल किशोर जी मंदिर के यहां से स्वयं पैदल चलकर कैसे विकास के आयाम तय किये जायेंगे यह परखा। गौरतलब बात यह है कि आपके विशेष रूप से पन्ना जिले को जो अपने अनुभव से परख चुके मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय जिनकी सोच दूरगामी विकास को लेकर शिक्षा हो या पंचायत के विकास कार्य स्वयं ही पटल पर जानी जा रही है वहीं कलेक्टर पन्ना सुरेश कुमार जिनकी सादगी के साथ विकास को जमीनी रूप से परखकर अंजाम देना सोच बन रही है।

## क्या हुआ तेरा वादा पोस्टकार्ड लिखकर अभियान चलाएगी युवक कांग्रेस

पन्ना। मध्य प्रदेश में संपन्न हुए 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जो प्रदेश की जनता से वायदे किए गए थे वह अभी तक पूरे न किए जाने को लेकर मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह यादव के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में क्या हुआ तेरा वादा अभियान की शुरुआत की जा रही है इसके तहत युवक कांग्रेस पोस्टकार्ड के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम भेज कर उनके वायदे याद करवाएगी। इस संबंध की जानकारी देते हुए जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र प्रभाकर अवस्थी ने कहा की विधानसभा चुनाव 2023 में भाजपा ने ढाई लाख युवाओं को सरकारी नौकरी, प्रत्येक परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार, एक करोड़ तीन लाख बहनों को पक्के आवास, किसानों को गेहूं- धान की खरीद की न्यूनतम राशि, जल जीवन मिशन में हो रहे भ्रष्टाचार के दोषियों पर कार्यवाही, नर्सिंग घोटाले में लिप्त दोषियों पर कार्यवाही, युवाओं की मांग के अनुसार सरकारी नौकरियों का परीक्षा शुल्क माफ जैसे वायदे किए थे। पूरे जिले भर से युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता पोस्टकार्ड भेजकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से यह पूछेंगे कि यह जो वायदे किए गए थे यह कब पूरे होंगे। युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्री अवस्थी ने कहा कि पन्ना जिले के ब्लॉक स्तर से लेकर बूथ लेवल तक से पोस्टकार्ड अभियान चलेगा जिससे सरकार को अपने वायदे याद आए और वह प्रदेश की जनता से किए गए वायदे को पूरा करें।



खबर संक्षेप

## युवक ने उठा लिया आत्मघाती कदम

**छतरपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्री मंदिर के पास रहने वाले एक युवक ने कथित तौर पर करियर की चिंता के दबाव में बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब घर के लोग जागे तो युवक फंदे पर लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने फंदे को नीचे उतरवाया और पंचनामा कार्रवाई के उपरांत शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया।
मृतक 28 वर्षीय भाई हरिओम पुत्र रामसेवक असाटी के भाई दीपक असाटी ने बताया कि हरिओम ने बीएचएमएस का कोर्स पूरा कर लिया था और ग्वालियर के एक कॉलेज से बी-फार्मा करने के लिए पिछले दिनों एडमिशन लिया था। दीपक के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से हरिओम अपने करियर को लेकर बेहद चिंतित था। गुरुवार की रात को सभी लोग रोज की तरह अपने-अपने कमरों में सोए थे, शुक्रवार की सुबह जब जागे तो हरिओम अपने कमरे में पंखे बंधे फंदे पर लटका मिला। संभावना है कि हरिओम ने करियर की चिंता के दबाव में आकर आत्मघाती कदम उठाया है।

## गोरीलाल कुंज वृंदावन धाम के महंत सुनायेंगे श्री भक्त चरित्र



**छतरपुर।** भक्त के वश में है भगवान यह सिर्फ गीत की लाइन नहीं है बल्कि श्री भक्तमाल कथा में भक्तों के ऐसे चरित्र और साधना का वर्णन है जिनकी साधना से भगवान उनके लिए दौड़े चले आए हैं। नगर का परम सौभाग्य है कि गोरीलाल कुंज वृंदावन धाम के महंत पूज्य किशोरदास देव जी महाराज के मुखारविंद से पांच दिवसीय श्री भक्तमाल कथा सुनने का अवसर मिल रहा है। यह कथा रविवार से 20 जून तक चलेगी।

## बंधक श्रम उन्मूलन के संबंध में आमजन को जागरुक करने के निर्देश

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार बंधक श्रम सतर्कता समिति की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी श्रम पदाधिकारी बलवीर रमन सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में बंधक श्रमिक उन्मूलन अधिनियम, 1976 के बारे में समिति के सदस्यों को बताया गया। साथ ही बंधक श्रम उन्मूलन के लिए अभियान चलाकर आमजन को अधिनियम की जानकारी के संबंध में जागरुक करें। इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सीएम स्वेच्छानुदान से 3.35 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित चार लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 3.35 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही रवि प्रकाश तिवारी निवासी ग्राम कुर्रा को 1.50 लाख, विद्या देवी जैन निवासी चेतगिरी कॉलोनी छतरपुर को 75 हजार, हल्के अहिरवार निवासी डोंगरपुर घुवारा को 60 हजार और बल्लन रैकवार निवासी छुई खदान सटई रोड छतरपुर को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई है।

## प्रांतीय परिचय सम्मेलन 16 जून को

**कटनी।** स्वच्छता अभियान के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज के आशीर्वाद से संत गाडगे बाबा रजक समाज सेवा संघ एवं मैरिज ब्यूरो भोपाल के तत्वावधान में 16वां अखिल भारतीय युवक-युवती प्रांतीय परिचय सम्मेलन 16 जून 2024 को मानस भवन, पॉलिटिक्नक चैराहा, श्यामला हिल्स भोपाल प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया गया है।

### प्रेमरूपा नर्सिंग होम की लापरवाही से गई महिला की जान, परिजनों ने लगाए आरोप

# मृतक अर्चना मिश्रा की दोनों बेटियां मांग रही इंसाफ

**छतरपुर।** एक परिवार की खुशियों को नर्सिंग होम की लापरवाही ने गहरा घाव दे दिया। अर्चना मिश्रा, जिनकी उम्र केवल 38 वर्ष थी, प्रसव पीड़ा होने पर स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती हुई थीं। परंतु, उस दिन का अंत कुछ और ही लिखना था। नर्सिंग होम की असावधानी और अनदेखी ने अर्चना की जान ले ली, और उनकी दो मासूम बेटियों को अनाथ कर दिया। अर्चना की बड़ी बेटी, केवल 14 साल की, अपनी मां के बिना जीवन का सामना करने की कोशिश कर रही है। उसकी छोटी बहन, जो केवल 10 साल की है, मां के बिना अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर पा रही है। दोनों बहनें लगातार रो रही हैं और अपनी मां के वापस आने की आस लगाए बैठी हैं।

**खून अधिक बहाने से बिगड़ी थी हालत, हो गई मौत -**

मृतक अर्चना मिश्रा के परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में अप्रशिक्षित स्टाफ के द्वारा अर्चना का पेट जोर से दबा दिया गया जिससे उसे तेज दर्द हुआ जिससे प्रसव हो गया। इससे अर्चना की बच्चादानी फट गई और खून अधिक वह गया। डॉक्टर डॉक्टर द्वारा परिजनों से एक यूनिट ब्लड लाने के लिए कहा गया लेकिन परिजन दो यूनिट ब्लड डाली का अस्पताल प्रबंधन द्वारा अर्चना मिश्रा को ब्लड नहीं चढ़ाया गया जिससे उसकी हालत और गुजराती गई अंत में अर्चना मिश्रा को बाहर ले जाने की सलाह दे दी।

**मृतक मिश्रा का पूरा परिवार सदमे में -**

अर्चना के पति संदीप मिश्रा और उनका परिवार इस सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं। उनका कहना है की मेरी पत्नी को समय पर सही इलाज मिलता तो आज वो हमारे साथ होती। यह केवल नर्सिंग होम की लापरवाही का परिणाम है। मेरी बेटियों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।



**बेटियों को इंसाफ दिलाने समाज को आगे आना पड़ेगा? -**

स्थानीय निवासियों और समाजसेवियों ने भी इस मामले पर आक्रोश व्यक्त किया है। वे नर्सिंग होम के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। हम सभी का यह कर्तव्य है कि इस परिवार को इंसाफ दिलाने में उनका साथ दें। अर्चना की बेटियों का भविष्य हमारे हाथ में है। यदि हम सभी मिलकर प्रशासन पर दबाव बनाएंगे, तो यकीनन दोषियों को सजा मिलेगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा।अर्चना मिश्रा की मौत केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं है, यह हमारे स्वास्थ्य तंत्र की विफलता का स्पष्ट उदाहरण है। हमें मिलकर इस परिवार को न्याय दिलाने की दिशा में कदम बढ़ाना होगा।आइए, हम सब मिलकर इस परिवार की आवाज़ बनें और अर्चना की बेटियों को इंसाफ दिलाएं।

**प्रेमरूपा नर्सिंग होम प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा परिवार -**

परिवार का कहना है कि अर्चना को प्रसव पीड़ा हो रही थी इसलिए उन्हें लेकर वे प्रेमरूपा नर्सिंग होम गई थे। जहां अर्चना को भर्ती कर लिया। लेकिन ऑपरेशन के बाद अर्चना की तबियत बिगड़ने लगी। तो डॉक्टर और नर्सिंग होम प्रबंधन अपने हाथ खड़े कर लिए। अर्चना के परिजनों का आरोप है की अर्चना के इलाज में गंभीर लापरवाही बरती गई। अर्चना को सही समय पर सही उपचार नहीं मिला, और उनका स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया। जब परिवार ने स्थिति की गंभीरता को समझा और दूसरी जगह ले जाने का प्रयास किया। लेकिन रास्ते में ही अर्चना की मौत हो गई थी।

# कृषकों से एनपीके उर्वरक को खेतों में डालने की अपील : कलेक्टर

### डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद बेहतर विकल्प : उपसंचालक कृषि छतरपुर




**छतरपुर।** खरीफ सीजन 2024 के लिये किसान भाईयों के द्वारा उर्वरकों का अग्रिम उठाव किया जा रहा है। जिला कलेक्टर छतरपुर द्वारा किसान भाईयों से अपील की गई कि डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद भी बेहतर विकल्प है। किसान एनपीके उर्वरक को खेतों में डाल सकते हैं। उप संचालक कृषि डॉ सुरेश कुमार पटेल ने सलाह देते हुए कहा कि खरीफ फसल जिसमें मुख्य रूप से मूंगफली, तिल, उरड एवं सोयाबीन की बुवाई हेतु डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में एन.पी.के 12, 32, 16, एस.एस.पी. उर्वरक का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि डी.ए.पी. में नाईट्रोजन एवं फास्फोरस दो ही तत्व पाए जाते है जबकि एन.पी.के. में नाईट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तीन तत्व तथा एस.एस.पी. में फास्फोरस तथा सल्फर दो तत्व पाए जाते हैं, जो कि फसलों के उत्पादन बढ़ाने के लिए अति आवश्यक है। इसके अलावा सिंगल सुपर फास्फेट (एस.एस.पी.) उर्वरक का भी प्रयोग करने की सलाह दी गई है। जिसमें फास्फोरस 16 प्रतिशत, सल्फर 12 प्रतिशत एवं कैल्शियम 21 प्रतिशत पाये जाते हैं जिनके उपयोग से फसलों के उत्पादन में वृद्धि होती है तथा तिल हनी फसलों में तेल की मात्रा भी बढ़ती है। किसान भाई ध्यान रखें कि कम से कम 4 इंच बर्षा होने के बाद ही फसलों की सीड ड्रिल के माध्यम से बुवाई करें और बुवाई करने से पहले बीजों का बीज उपचार अवश्य करें। ताकि फसलों को बीज जनित व मृदा जनित रोगों से बचाया जा सके।

### बाउंड्रीवॉल निर्माण करने के एवज में ली थी 10 हजार की रिश्वत

# पंचायत सचिव को 3 साल की कठोर कैद

**छतरपुर।** साल 2019 में खेत में बाउंड्रीवॉल निर्माण करने के एवज में सचिव ने रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त पुलिस ने सचिव को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। कोर्ट ने आरोपी सचिव को रिश्वत के मामले में तीन साल की कठोर कैद के साथ दो हजार रुपए के जुर्माना की सजा दी है। एडवोकेट लखन राजपूत ने बताया कि फरियादी रहमान बक्ष सौदागर ने 3 अप्रेल 2019 को लोकायुक्त पुलिस में शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत खौंप (निवारी) का सचिव मनोज खरे खेत में बाउंड्रीवॉल बनाने के एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। वह सचिव को रिश्वत नही देना चाहता और उसे रंगे हाथो पकड़वाना चाहता है।
लोकायुक्त पुलिस ने रहमान को वॉयस रिकॉर्डर देकर सचिव मनोज खरे की रिश्वत मांगने की बात रिकॉर्ड कराई। 4 अप्रेल 2019 को ट्रेप दल फरियादी रहमान को लेकर छतरपुर आया। मोटे के महावीर मंदिर के पास सचिव मनोज खरे ने जैसे ही रहमान से रिश्वत की राशि ली तभी ट्रेप दल ने घेरा बंदी करके सचिव मनोज को रंगे हाथो गिरफ्तार किया।अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजन केके गौतम ने पैरवी करते हुए दलील रखी कि भ्रष्टाचार से जनता की नजर में लोकसेवकों की विश्वसनीयता कम हो रही है। भ्रष्टाचार से व्यक्ति का नैतिक और चारित्रिक पतन होता है। भ्रष्टाचार ने जनता की दृष्टि में अधिकारियों की विश्वसनीयता को कम कर दिया हैं। भ्रष्टाचार से देश की आर्थिक विकास की दिशा अवरुद्ध हो जाती है। इस समस्या ने समाज में सभी साधारण व्यक्तियों के जीवन को कष्टप्रद बना दिया है और गरीब व्यक्तियों के जीवन जीने के प्राकृतिक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए आरोपी को कठोर से कठोर सजा दी जाए। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार जैन की अदालत ने फैसला सुनाया कि भ्रष्टाचार किया जाना एक विकराल समस्या हो गई है, जो समाज को खोखला कर रही है। भ्रष्टाचार लोकतंत्र और विधि के शासन की नीव को हिला रहा है। ऐसे मामलों में आरोपी को सजा देते समय नरम रुख अपनाया जाना विधि की मंशा के विपरीत है। कोर्ट ने आरोपी सचिव मनोज को दोषी ठहराते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत तीन साल की कठोर कैद के साथ दो हजार रुपए के जुर्माना की सजा सुनाई।

### बकरी चराने के लिए घर से निकली थी लड़की

# लड़की के सीने में लगी एयर गन की गोली, जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर।** बमीठा थाना क्षेत्र में एक 12 वर्षीय लड़की के सीने में एयर गन की गोली लगने की घटना सामने आई है। बताया कि गया है लड़की बकरी चराने के लिए घर से निकली थी और इसी दौरान उसके साथ यह हादसा हो गया। लड़की के माता-पिता उसे बमीठा अस्पताल लेकर गए थे जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंजू पिता सोनेलाल कुशवाहा उम्र 12 वर्ष निवासी ग्राम राजापुरवा गुरूवार की सुबह करीब 9 बजे बकरी चराने के लिए घर से निकली थी। माता-पिता को करीब 11 बजे जानकारी मिली की अंजू के सीने में



गोली लगी है। इसके बाद माता-पिता अंजू को उठाकर बमीठा ले गए, जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है। शुक्रवार को एमएलसी के बाद अंजू का एक्सरे कराया गया है, उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। अंजू की मां हरबाई ने बताया की, गोली कैसी लगी इस बारे में अभी किसी को भी जानकारी नहीं है। वहीं डॉ. नंदकिशोर जाटव ने बताया कि अंजू के सीने में लगी गोली किसी एयर गन की है। बमीठा थाना प्रभारी पुष्पक शर्मा ने मामले के संबंध में कोई जानकारी न होने की बात कही है।

# हरिजन एक्ट से मिलने वाली सहायता राशि की अवैध वसूली करने वाले पर पुलिस के किया मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

### हरिजन एक्ट प्रकरण में पीड़ित पक्ष को शासन से मिलती है सहायता राशि



**नौगांव।** नौगांव थाना पुलिस ने अनुसूचित जाति प्रकरण में पीड़ित को शासन से मिलने वाली सहायता राशि की जबरन वसूली करने वाले आरोपी पर पुलिस ने वसूली सहित अन्य धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब किस्म की वसूली का मामला सामने आया है, पुलिस ने अनुसूचित जाति एक्ट लगवाने और उसके बाद पीड़ित को मिलने वाली सहायता राशि की जबरन अवैध वसूली करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वसूली की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अवैध वसूली की पीड़ित महिला न पुलिस को लिखित आवेदन पर बताया गया कि उसके द्वारा पूर्व में एक अपराध हरिजन एक्ट का कायम करवाया गया था, जिसके एवज में कमीशन के पैसे आरोपी भूपत अहिरवार मांगता है। जिसमें से आरोपी भूपत ने 10 हजार रुपए भी ले लिए हैं, और बाकी रुपए के चेक साइन करा कर ले लिए हैं,अब रुपए न देने पर अवैध संबंध बनाने और मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी भूपत अहिरवार पर धारा 386, 354, 294, 506 का अपराध दर्ज किया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है।

# बीपी सूत्रकार द्वारा शासकीय जमीन से काटे जा रहे हरे पेड़, सरपंच ने एसडीएम से की शिकायत



**छतरपुर।** शहर से सटी ग्राम पंचायत कदारी के सरपंच दुर्जी अहिरवार ने गुरूवार को अनुविभागीय अधिकारी छतरपुर को एक शिकायती आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने उल्लेखित किया है कि शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 1212 कुल रकवा 0.2430 हेक्टेयर पर कार्तिकेय सूत्रकार पिता भगवान प्रसाद सूत्रकार कदारी मौजा में शासकीय भूमि पर कब्जा करते हुए पेड़ काट रहे हैं। इतना ही नहीं रातोंरात उनके द्वारा जेसीबी मशीन से यह सब समतलीकरण कर दिया गया है साथ ही नाला पर भी अतिक्रमण कर पेड़ काट रहे हैं। एसडीएम से सरपंच ने शिकायत की है कि श्री सूत्रकार के खिलाफ कार्यवाही की जाए। कार्तिकेय सूत्रकार के पिता बी पी सूत्रकार छतरपुर कृषि विभाग कार्यालय में पदस्थ हैं।

# शाम को चादरपोशी के बाद रात भर चला जवाबी कव्वाली का दौर

### गरौंली में हजरत बाबा मखदूम शाह रहमतुल्लाह अलैह का 14 वां उर्से मुबारक संपन्न

**नौगांव।** शहर से 10 किमी दूर ग्राम गरौंली के नाव घाट में स्थित हजरत बाबा मखदूम शाह रहमतुल्लाह का 14वा उर्से मुबारक मंगलवार की रात बड़े ही धूमधाम तरीके से मनाया गया। बाबा का उर्स सुबह संदल घुस्ल करके शुरू हुआ। दोपहर में नाव घाट स्थित दरगाह से चादर निकाली गई जो गांव में होते हुए वापिश दरगाह पहुंची। शाम को जवाबी कब्बाली का भी आयोजन हुआ। गरौंली से निकली धंसान नदी के नाव घाट पर स्थित हजरत बाबा मखदूम शाह रहमतुल्लाह का 14वा सालाना उर्से मुबारक का आयोजन पूरे शानो शौकत से किया गया। इस दौरान सुबह संदल घुस्ल किया गया। इसके बाद दोपहर को दरगाह से चादर निकाली गई। बाबा की चादर पूरे गांव में घुमाई गई इस दौरान लोगों ने चादर में दान कर पूरी श्रध्दा के साथ अपने परिवार की सुख सम्रद्धि के लिए दुआएं मांगी। इसके बाद शाम को दरगाह में चादर चढ़ाई गई। उर्से मुबारक होने के कारण घाट पर शाम से मेला सा लगा रहा। दूर दूर से लोग




बाबा के उर्से मुबारक में शामिल हुए। अकीदतमंदों ने बाबा की दरगाह में पहुंचकर माथा टेका। उर्स पाक में साम्प्रदायिक सौहाद्र की मिशाल देखने को मिली । उर्स पाक में हिंदु-मुस्लिम सभी वर्ग के लोग शामिल हुए।

**रात में कव्वाली का भी हुआ आयोजन**

उर्से मुबारक मौके पर रात में कब्बाली का शानदार प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह शामिल हुए,जिन्होंने कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति की सराहना भी की। आगरा के प्रसिद्ध कब्बाल गायक ताजदार हुसैन और कानपुर की शाहीन परवीन के बीच शानदार कब्बाली का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चलता रहा।आयोजन समिति के गफ्फार भाई ने बताया कि पिछले 13 वर्षो से यह आयोजन किया जा रहा है।आयोजन में शामिल होने क्षेत्र भर के लोग बड़ी संख्या में आते हैं।

### एसपी ने अभिलेख दस्तावेजों, कार्यप्रणाली का किया निरीक्षण

# पुलिस अभिलेख अधिकारियों व सहायकों को दिये निर्देश

**छतरपुर।** एसपी अगम जैन द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सभी शाखाओं के पुलिस अभिलेख अधिकारी एवं उनके सहायक की कार्यप्रणाली एवं अभिलेख दस्तावेजों के निरीक्षण हेतु शुक्रवार को कॉन्फ्रेंस हॉल पुलिस लाइन परिसर छतरपुर में बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि पुनः दूसरी बैठक में पासपोर्ट संबंधी समस्या के निदान एवं शीघ्र सत्यापन हेतु जिले के समस्त थाने से आए प्रशिक्षु को प्रशिक्षण भी दिया गया।
बैठक में पुलिस अधीक्षक अगम जैन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छतरपुर विक्रम सिंह द्वारा कार्यालय की समस्त शाखाएं जैसे जिला विशेष शाखा, महिला सुरक्षा शाखा, शिकायत शाखा, रीडर, स्टेनो, मेडिकल, अवकाश, डिस्पैच शाखा, जिला अपराध रिकार्ड ब्यूरो शाखा सहित सभी शाखाओं के अभिलेख दस्तावेजों तथा कार्यरत अभिलेख अधिकारी एवं उनके सहायक की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया। कार्यालय में कार्यवाही लंबित न रखने, दस्तावेजों का संधारण करने हेतु निर्देशित किया। वांछित जानकारी जिले के समस्त थानों से समय से प्राप्त करें। अनावश्यक एवं अनुपयोगी दस्तावेज का विधिवत नष्टीकरण, कार्यालय के भवन एवं फर्नीचर की मरम्मतीकरण एवं आवश्यक सामग्री की पूर्ति हेतु



संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। शिकायतकर्ताओं से सकारात्मक व्यवहार एवं लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु शिकायत शाखा प्रभारी को निर्देश दिए। इसके उपरांत कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों से समस्याएं भी पूछी गई, कार्यालय की कार्यप्रणाली के निरीक्षण उपरांत अनुभव एवं तकनीकि दक्षता के अनुसार पुनः कार्य निर्धारित किए गए। कार्य में किसी भी तरह का व्यवधान न आए यदि कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो शीघ्र ही सूचित करें।
निरीक्षण बैठक में उपस्थित सभी पुलिस अभिलेख अधिकारी एवं उनके सहायक ड्यूटी हेतु संबंधित कार्यालय रवाना हुए इसके पश्चात पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में जिले के नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने में समस्या के निदान एवं पासपोर्ट के शीघ्र सत्यापन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के समस्त थानों से पासपोर्ट सत्यापन हेतु तय पुलिस कर्मचारी प्रशिक्षुओं को सम्पूर्ण प्रक्रिया संबंधी दिशा निर्देश दिए गए। समस्त पासपोर्ट प्रकरणों के त्वरित निराकरण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं समय पर पासपोर्ट के निराकरण के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।
कॉन्फ्रेंस हॉल पुलिस लाइन परिसर छतरपुर में आयोजित अभिलेख निरीक्षण एवं पासपोर्ट प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र पूर्णिमा मिश्रा, जिला विशेष शाखा प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुख्य लिपिक, रीडर, स्टेनो, कार्यालय की समस्त पुलिस अभिलेख अधिकारी एवं समस्त थानों से चयनित प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गर्भवती महिला की इलाज के दौरान मौत

**कटनी।** जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई एक गर्भवती महिला की इलाज के दौरान गुरुवार दोपहर को मौत हो गई। महिला सात महीने की गर्भवती थी और उसे बुधवार शाम जिला अस्पताल के हाईरिस्क वार्ड में भर्ती कराया गया था। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के कारीपाथर गांव निवासी विष्णु सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी सीमा को प्रसव पीड़ा होने पर बुधवार शाम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला का इलाज हाईरिस्क वार्ड में किया जा रहा था। गुरुवार दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला सात महीने की गर्भवती थी। महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी को खून की कमी थी। भर्ती कराने के बाद जांच की गई। जांच रिपोर्ट आने के बाद उसी आधार पर इलाज किया जा रहा था। इसी बीच उसकी मौत हो गई है।

### पान टपरे व किराना दुकान से 15 लीटर पेट्रोल किया जब्त

**कटनी।** अवैध रूप से पेट्रोल का संग्रहण कर विक्रय करने की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दो लोगों से 15 लीटर पेट्रोल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया ,एसडीओपी अखिलेश गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया के द्वारा मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम धरवारा में कुछ लोग अवैध एवं असुरक्षित रूप से पेट्रोल रखे कर बिक्री कर रहे है कि सूचना पर टीम बनाकर मुखबिर के बताये स्थानो पर दबिश दी गई जो ग्राम धरवारा में भरत पांडेय 60 साल निवासी धरवारा का अपनी पान के टपरे में एक प्लास्टिक की कुप्पी में भरा पेट्रोल 05 लीटर कीमती 550 रूपये का एवं अन्नु साहू 26 निवासी धरवारा अपनी किराना की दुकान के अंदर एक प्लास्टिक की कुप्पी में भरा पेट्रोल 10 लीटर कीमती 1200 रूपये का लापरवाही से असुरक्षित अवस्था में अपनी दुकान के अंदर रखे मिले जो मानव जीवन को संकट उत्पान्न हो सकता है जिसे जप्त करते हुए आरोपियो के विरूद्ध धारा 285 भादवि के तहत पृथक पृथक कार्यवाही की गई ।

### विद्युत तार ट्रक में फंसी ट्रांसफार्मर टूटकर गिरा

**कटनी।** पूर्व विद्युत वितरण कंपनी के स्लीमनााबाद फीडर के अंतर्गत बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल स्लीमनाबाद से बंधी स्टेशन की सड़क पर एक हाईवा का चालक रेत खाली कर रहा था। जैसे चालक ने सड़क किनारे रेत खाली करने डाला को ऊपर किया तभी उसमें बिजली का तार फंस गया। चालक को जब तक डाले में तार फंसने की आहट होती उससे पहले तार समेत बिजली के पोल और ट्रांसफार्मर के टूटने से ट्रांसफार्मर खेत में धराशायी हो गया।

### पांच हज़ार का इनाम था आरोपी आरोपी पर

# मऊगंज पुलिस ने रस्सा कटिंग गिरोह के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**मऊगंज।** जिले के थाना मऊगंज में अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा पिता रामभुवन विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष निवासी कैचुआ थाना नईगढ़ी जिला मऊगंज थाना में रिपोर्ट लिखाया था कि 2-3- 2024 की दरमियानी रात के समय भारत खाद रीवा से लेकर हनुमना की और जा रहा था तभी रात 3:00 के लगभग बहुत ही ओवर ब्रिज नेशनल हाईवे 135 पर पहुंचा तो आरोपी चलते ट्रक में चढ़कर 12 बोरी खाद पार कर दिया था। चालक की रिपोर्ट पर घटना के समय तीन आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, जबकि चौथा आरोपी विपिन उर्फ छोटू तिवारी निवासी घुरेहटा फरार हो गया था। मऊगंज पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी पर 5000 का इनाम घोषित किया था। मऊगंज पुलिस ने 5 किलोमीटर की दौड़ लगाकर पीछा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अनिल काकडे, सहायक निरीक्षक सत्येंद्र सिंह चौहान, आरक्षक वीरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, अवनीश पांडे, विवेक यादव, रजनीश यादव, प्रमोद पटेल, पुष्पराज बागड़ी की सराहनीय भूमिका रही।

# नीट परीक्षा के पेपर लीक करने वालों पर हो कार्यवाहीः एस.एफ.आई.



**रीवा ।** स्टूडेन्टस फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा नीट परीक्षा में की गई व्यापक धांधली एवं पेपर लीक के मामले में परीक्षा में सामिल लाखों छात्र छात्राओं के साथ न्याय करने व परीक्षा में भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग को लेकर अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों ने विश्वविद्यालय गेट पर प्रदर्शन किया इस मौके पर एस.एफ.आई. के प्रदेश सचिव अजय तिवारी ने कहा कि इस देश में जितनी भी महत्वपूर्ण परीक्षायें सरकार द्वारा आयोजित कराई जा रही है सभी भ्रष्टाचार की शिकार हैं। परीक्षा कराने बाली संस्थाओं के प्रमुख अपने लोगों को उपकृत करने के लिए पढ़ने बाले योग्य छात्रों के भविष्य से खेल रहे हैं। नीट के एक ही सेन्टर मे से 7 छात्रों के पूरा पूर्णांक मिलना यह प्रदर्शित करता है कि वेईमानी हुई है। विहार, गुजरात में गिरफ्तार लोगों ने बताया कि पैसे लेकर पेपर छात्रों को लीक किये गये है बड़ी मात्रा में पैसों का मिलना 67 छात्रों का पूर्णांक पाना तथा पूरी रैकिंग में हेराफेरी आदि ऐसे विषय है जो परीक्षा की परदर्शिता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं। छात्र नेता ने इस पूरी परीक्षा की सी.बी.आई.से जांच कराने, अवैध लाभ लेकर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने बालों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। संगठन ने कहा कि एक भी योग्य छात्र के साथ अन्याय न हो इसकी जवावदारी सरकार को लेनी चाहिए। इस आन्दोलन में जिले के सचिव विक्रम सिंह, अमरजीत, प्रताप, अजय, अभिषेक, अवनीश, सौरभ सोनकर, सूरज, पुष्पेन्द्र, रवी, शिवप्रकाश, कृष्ण कुमार, अनुज प्रजापति आदि कई छात्र शामिल रहे।

# नगर निगम महापौर ने निर्माण विकास कार्यों के संबंध में जोनबार कार्यों की ली समीक्षा बैठक

**जिन निर्माण कार्यों की गति धीमी है उन निर्माण कार्यों में गति लाते हुए पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंः महापौर**



**रीवा।** नगर पालिक निगम महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' द्वारा निर्माण विकास कार्यों के संबंध में निगमायुक्त संस्कृति जैन की उपस्थिति में जोनवार कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई। नगर निगम में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की प्रगति पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये गये। महापौर ने कहा कि जिन निर्माण कार्यो की गति धीमी है उन निर्माण कार्यों में गति लाते हुए पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों के कारण शहर में जलभरॉव की स्थिति उत्पन्न न हो, साथ ही जहाँ पर इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना हो उन कार्यो को तत्काल पूर्ण करें एवं जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय। साथ ही कार्य की गुणवत्ता पर कहा गया कि शहर के विकास के लिए निर्माण कार्यों का समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा होना अत्यंत आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी परियोजनाएँ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों और शहरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। महापौर ने कहा कि ठेकेदारों को भी सख्त निर्देश दिए जाय कि वे कार्य में गुणवत्ता बनाए रखें और सभी सुरक्षा मानकों का पालन करें। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाय। निर्माण कार्य के संबंध में नगरवासियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए उनकी शिकायतों का त्वरित जॉच कर निराकरण कराये। भवन अनुज्ञा के संबंध में कहा गया कि नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाय। साथ ही बाढ के नियंत्रण हेतु समुचित व्यवस्था बनायें जाने के भी निर्देश दिये गये। महापौर द्वारा कहा गया कि आगामी वर्षा ऋतु में शहर में जलभरॉव के कारण आवागमन के लिए शहरवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री एसएल दहायत, एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री संन्तोष पाण्डेय, बीएस बुन्देला, अम्बरीश सिंह, पीएन शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी, मुरारी कुमार, मानचित्रकार राजेश चतुर्वेदी, उपयंत्री हरेराम मिश्रा, रमेश सिंह, सुनील मिश्रा, श्यामसुन्दर मिश्रा, शुभम तिवारी, अभिनव चतुर्वेदी, मनोज सिंह, आशुतोष पाण्डेय, नरेन्द्र जोगी, निखिल रजक उपस्थित रहे।

# जल निगम के तहत सीटेड ने नमामि गंगे शपथ कार्यक्रम का किया आयोजन





**मऊगंज**-भारत सरकार द्वारा जल संकट को देखते हुए सभी आम जनों में जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संचालित नमामि गंगे महाभियान जगह-जगह आयोजित किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में जल जीवन मिशन बाणसागर परियोजना को जिला मऊगंज में संचालित करने वाली संस्था सेंट्रल ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड एंटरपेनोरशिप डेवलपमेंट की प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमृता तिवारी के नेतृत्व में जिले के सभी कम्यूनिटी मोबिलाइजरों के द्वारा ग्राम उधौपुर्वा के किर्तिया शिव मंदिर में स्वच्छता कार्यक्रम एवम जल संरक्षण के लिए शपथ कार्यक्रम का अयोजन किया गया। नमामि गंगे महाभियान का मुख्य उद्देश्य जल संकट से निपटने एवं तालाबों नदियों विशेष जल श्रोतों की साफ-सफाई कर उन्हें पुनः जल से भरकर जल संकट को दूर करने का है। आयोजित विशेष कार्यक्रम में ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए जल जीवन मिशन की प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमृता तिवारी ने कहा की जल संकट आज हमारे पूरे देश में व्याप्त होता चला जा रहा है जिसको दूर करने के लिए हम सभी को एक साथ मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। हमारे जो प्रमुख जल श्रोत है सर्वप्रथम उन्हें हमें बारिश के जल से संग्रहित करने की आवश्यकता है जिससे हमारा वॉटर लेवल बेहतर हो सके। इसके अतरिक्त हम अपनी दैनिक क्रियाओं में जल को अत्याधिक बर्बाद करते है जिसको हमें रोकने की आवश्यकता है और यह सब तभी जाकर संभव हो सकता है जब आप सब जागरूक हों जल का उपयोग तो करें ही साथ ही जल को बचाएं भी। हम जितना जल आज बचाते है हम उतना ही जल आने वाली पीढ़ी के लिए संग्रहित करते है। इसलिए हम सभी को आज से ही जल को बचाना है और अपने आस-पास के लोगों को भी जल बचाने के लिए जागरूक करना है। कम्यूनिटी मोबिलाइजर निशी सिंह ने सभी ग्राम वासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत उधौपुर्वा की सरपंच श्रीमती सरोज सेन ग्राम पंचायत बमुरिहा के सरपंच बाबूलाल कोल प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर अमृता तिवारी सहायक प्रबंधक जल निगम हरीश पाण्डेय कम्यूनिटी मोबिलाइजर रवि मिश्रा सौरव तिवारी संदीप पाण्डेय कुलदीप पाण्डेय अशोक सिंह लवकुश साकेत निशी सिंह सौरभ मिश्रा शिवम मिश्रा मुकेश पटेल आशीष मिश्रा सचिन तिवारी संदीप शुक्ला अंकित पाण्डेय ऋतिक द्विवेदी चंदन पाण्डेय एवम सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मॉडल साइंस कॉलेज, रीवा के छात्रों, प्रोफेसर, एनएसएस और एनसीसी द्वारा वीहर नदी की सफाई और किया पौधरोपण

रीवा




मॉडल साइंस कॉलेज, रीवा के छात्रों, शिक्षकों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त प्रयासों से वीहर नदी की सफाई और वृक्षारोपण का एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व एनएसएस प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे, राष्ट्रीय सेवा योजना महिला प्रभारी डॉ.विनीता कश्यप और एनसीसी अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने किया।

अभियान के संबंध मे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरती सक्सेना ने बताया कि जल स्त्रोतों की सफाई, प्रदूषण के खिलाफ सीधी कार्यवाही है। इससे हम न केवल मिट्टी और जल की सफाई कर रहे हैं, बल्कि अपने आस-पास मौजूद कचरों में छिपी बीमारियों को भी साफ कर रहे हैं। लेकिन इसके साथ ही हमें स्वयं भी प्लास्टिक व कृत्रिम रेशों वाले कपड़ों-झोलों का उपयोग न करने का संकल्प लेना होगा। इस अभियान मे एनसीसी के 100 कैडेट्स ने भी भाग लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नदी के प्रदूषण को कम करना और उसके किनारों को हरा-भरा बनाना था। अभियान के दौरान सभी ने मिलकर नदी के किनारे जमा कचरे को साफ किया और पानी को शुद्ध करने के लिए विभिन्न उपाय अपनाए। नदी सफाई के पूर्व कालेज प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए, जो भविष्य में पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहायक होंगे। एनएसएस पुरुष विंग प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे ने कहा, "हमारा यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। छात्रों, शिक्षकों और कैडेट्स का समर्पण और मेहनत प्रशंसनीय है।" एनएसएस महिला विंग प्रभारी डॉ.विनीता कश्यप ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए कहा, "इस प्रकार के अभियान समाज में जागरूकता फैलाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी हैं।" महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार त्रिपाठी ने एनसीसी कैडेट्स के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा, "हमारे कैडेट्स ने इस अभियान में जो उत्साह और मेहनत दिखाई है, वह वास्तव में सराहनीय है।" इस अभियान में लगभग 200 छात्रों, प्रोफेसर और 100 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। सभी ने मिलकर इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया और समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस पहल से न केवल वीहर नदी की स्थिति में सुधार होगा, बल्कि यह समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी।

# विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर टीआरएस कॉलेज के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा विशेष व्याख्यान का किया गया आयोजन

## रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम तरीका है- प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल

रीवा




शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में प्राचार्य डॉ. श्रीमती अर्पिता अवस्थी के निर्देशन एवं डॉ अमित तिवारी विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र विभाग के संयोजकत्व में विश्व रक्तदाता दिवस पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के महत्व को समझाना और जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर शुक्ल ने रक्तदान से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोत्तम तरीका है और इसे जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने रक्तदान का महत्व बताते हुए कहा कि हर दो सेकंड में किसी न किसी को रक्त की आवश्यकता होती है। एक यूनिट रक्त तीन व्यक्तियों की जान बचा सकता है। नियमित रक्तदान करने वालों में हृदय रोग और कैंसर का खतरा कम होता है।छात्रों को रक्तदान की प्रक्रिया बताई गई। रक्तदान कैसे किया जाता है और इसके दौरान और बाद में किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। व्याख्यान में रक्तदान के संबंध में मिथक और सच्चाई का विश्लेषण भी किया गया। छात्रों को रक्तदान के लाभ बताते हुए प्रोफेसर शुक्ल ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। रक्तदान से मानसिक संतुष्टि और सामाजिक योगदान का अनुभव होता है। व्याख्यान के बाद छात्रों के प्रश्नों का उत्तर देने के लिए एक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में लोगों ने रक्तदान से जुड़ी अपनी शंकाओं को स्पष्ट किया और प्रोफेसर शुक्ल ने उनका समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में, डॉ.राम यश साहू ने सभी लोगों का धन्यवाद किया और उन्हें नियमित रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित यह व्याख्यान अत्यंत सफल रहा। इसने छात्रों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें इस महान कार्य के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों ने इस तरह के और कार्यक्रमों का आयोजन करने का संकल्प लिया ताकि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता और अधिक बढ़ सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ कल्पना त्रिपाठी प्रो संध्या सिंह डॉ अंबर शुक्ला प्रो ज्ञानेंद्र तिवारी प्रो ललिता मिश्रा प्रो सुधा मिश्रा डॉ सविता चक्रधारी तथा विभाग के छात्र-छात्राएं हुआ अशैक्षणिक स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका थी

# हैंडपंप में पानी भरने गई किशोरी के साथ वृद्ध ने किया बलात्कार, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

रीवा




जिले के चाकघाट थाना अंतर्गत हैण्डपंप में पानी भरने गई किशोरी के साथ वृद्ध ने बलात्कार किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं।घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक चाकघाट थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी शासकीय स्कूल के समीप लगे हैण्डपंप में सुबह करीब 9 बजे पानी भरने गई थी। हैण्डपंप के समीप ही आरोपी की गौशाला है। आरोपी उक्त किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ गौशाला में ले गया जहां उसने किशोरी के साथ बलात्कार किया। करीब दो घंटे बाद जब वह पानी लेकर घर वापस आई तो परिजनों के पूछने पर पूरी घटना बता दी। बताया गया की पीड़िता के माता-पिता प्रयागराज में मजदूरी कर रहे थे जिनके वापस आने पर वे पीडिता को लेकर गुरुवार की सायंकाल थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय में पेश करने पर उसे जेल भेज दिया गया है।

### इनका कहना है

किशोरी की शिकायत पर मामला दर्ज कर तत्काल आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पानी भरने गई युवती के साथ आरोपी ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है जिसे न्यायालय में पेश किया गया न्यायालय ने आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया।

**विवेक लाल, एडिशनल एसपी रीवा**

## जिले में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की सघन चेकिंग, 434 वाहनों से वसूले गए 2.54 लाख



**रीवा।** जिले के परिवहन विभाग द्वारा आर टी ओ के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्कवाड र, परिवहन चेकपोस्ट हनुमना, परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की निरंतर चेकिंग की जा रही है।जिसमें अप्रैल एवं मई 2024/- में 434 वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी नहीं पायी गई, जिन पर मोटरयान अधिनियम के अनुरूप कार्यवाही करते हुए 254500/- रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। हाई कोर्ट के आदेशानुशार पूरे प्रदेश भर में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए जाँच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें परिवहन विभाग के साथ साथ थाना यातायात एवं ज़िले के सभी थानो पर भी जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने पुस्तक मेले का किया शुभारंभ



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा जिले में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में अधिकारी व शिक्षक जुनून एवं समर्पण के साथ कार्य करें तथा संस्कार युक्त शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले का आयोजन विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिये लाभप्रद है क्योंकि एक ही छत के नीचे विभिन्न विक्रेताओं द्वारा लगाये गये स्टाल में सभी स्कूलों की किताबें, ड्रेस व अन्य स्टेशनरी सामग्री गुणवत्ता से किफायती दर पर उपलब्ध हो रही है। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित तीन दिवसीय पुस्तक मेले का उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुभारंभ किया। मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पुस्तक मेले का आयोजन एक अभिनव पहल है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों व अभिभावकों को विक्रेताओं द्वारा लगाये गये स्टालों से सामग्री चयन की स्वतंत्रता रहेगी और सस्ते दर पर पाठ सामग्री मिलेगी। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से विक्रेता व अभिभावक दोनों खुश हैं उन्हें एक ही स्थान पर सभी सामग्री मिल रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा को अधोसंरचना विकास के कार्यों के साथ-साथ शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उच्चतम स्तर तक ले जाने के सभी प्रयास तेजी से जारी है। जिले में सीएम राइज विद्यालयों की स्थापना इसी दिशा में किये जा रहे प्रयास हैं। उन्होंने जल संरक्षण एवं पुराने जल स्त्रोतों के पुर्नजीवन के लिये संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी से सहभागिता की अपेक्षा की तथा वृक्षारोपण कार्य कर इन्हें सहेजने के लिए तत्पर रहने की बात कही। श्री शुक्ल ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि पुस्तक मेले का रिस्पांस अच्छा रहे तो इसे तीन दिन से आगे भी बढ़ाया जाय। कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि शासन विद्यालयों में फीस वृद्धि को रोकने के लिए कटिबद्ध है तथा एक ही छत के लिये विद्यालयों की किताबों व अन्य सामग्री की उपलब्धता के उद्देश्य से पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। मेले में छात्रों व अभिभावकों को क्रय करने के लिये चयन की स्वतंत्रता है तथा छूट पर किताबें व अन्य सामग्री उपलब्ध हैं। उन्होंने इस आयोजन के प्रचार-प्रसार की भी बात कही ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। कार्यक्रम को सुभाष बाबू पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा गुप्ता ने आयोजन के विषय में जानकारी दी कि शासन के निर्देशानुसार आयोजित पुस्तक मेले में 50 से अधिक विक्रेताओं ने विभिन्न विद्यालयों में उपयोग में आने वाली पाठ सामग्री के स्टाल लगाये हैं जिनसे अभिभावक व विद्यार्थी पुस्तकें, ड्रेस व अन्य स्टेशनरी सामग्री छूट के साथ क्रय कर सकते हैं। इस दौरान अध्यक्ष नगर पालिक निगम व्यंकटेश पाण्डेय, प्राचार्य सीएम राइज वरूणेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश पाण्डेय, कमलेश सचदेवा सहित विद्यार्थी व अभिभावक तथा विक्रेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन कमलेश अग्रवाल ने किया।

# पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समीप गोलीबारी, युवक घायल



**रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरमौर चौराहे मे बेखौफ बदमाशों ने पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समीप गोली चलाने की वारदात को अंजाम दिया है। बंदूक से निकली गोली युवक के जंघ में जा धासी जिसे उपचार के लिए देर रात्रि संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, घटना की सूचना पर अमहिया थाना प्रभारी विजय सिंह परिहार सहित भारी पुलिस बल पहुंचा बताया गया है की गोली चलाने की वारदात दोस्तों के बीच आपस में ही हुई है। घटना के संबंध मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात्रि तकरीबन 12 बजे जनता कॉलेज के समीप रहने वाला आदित्य शुक्ला अपने आधा दर्जन दोस्तों के साथ सिरमौर चौराहा स्थित पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समीप खड़ा हुआ था इसी दौरान दोस्तों के बीच हंसी मजाक चल रहा था, तभी गोली चलाने की घटना हो गई बंदूक से निकली गोली आदित्य के जांघ में जा धसी है,जिसे दोस्तों द्वारा ही उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं गोली चलाने की सूचना अमहिया पुलिस को दी गई देर रात अस्पताल पहुंची पुलिस के सामने घायल युवक ने पूरी घटना के संबंध में पूछताछ किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। रीवा में लगातार गोली चलाने की वारदात हो रही है।वही पिछले दो दिनों के दौरान यह शहर में हुई गोली चलाने की दूसरी बड़ी वारदात है, इस बार बेखौफ बदमाशों ने पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के समीप गोली चलाने की वारदात को अंजाम दिया है, पुलिस फिलहाल आरोपियों की तलाश कर रही है।